रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7
No. of printed pages : 7

122

422 (ILK)

# 2024
# मनोविज्ञान (सैद्धान्तिक)
## PSYCHOLOGY (Theory)

समय : 3 घण्टे ]
Time : 3 Hours ]

[ पूर्णांक : 70
[ Max. Marks : 70

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 22 प्रश्न हैं। **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**Directions :** There are in all 22 questions in this question paper. **All** questions are **compulsory**.

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।
Marks alloted to the questions are mentioned against them.

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।
Read each question carefully and answer to the point.

(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 5 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।
Question No.1 is multiple choice question. Four options are given in answer of each part of this question. Write correct option in your answer book. Question No. 2 to 5 are definite answer type questions.

(v) प्रश्न संख्या 6 से 11 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए।
Question No. 6 to 11 are very short answer type questions, to be answered in about 30 words each.

(vi) प्रश्न संख्या 12 से 15 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए।
Question No. 12 to 15 are short answer type questions, to be answered in about 60 words each.

(vii) प्रश्न संख्या 16 से 20 तक भी लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।
Question No. 16 to 20 are also short answer type questions, to be answered in about 100 words each.

(viii) प्रश्न संख्या 21 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है, जिसका उत्तर लगभग 200 शब्दों में दीजिए। प्रश्न संख्या 22 केस/स्रोत आधारित प्रश्न है।
Question No. 21 is long answer types question, to be answered in about 200 words. Question No. 22 is Case/Source based question.

(ix) इस प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।
There is no overall choice in this question paper, however, an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such questions.

1. (क) 'द्वि-कारक सिद्धान्त' का प्रतिपादन किसने किया - 1

(i) बिने (ii) स्पीयरमैन

(iii) गार्डनर (iv) टरमन

'Two-factor Theory' has been proposed by –

(i) Binet (ii) Spearman

(iii) Gardner (iv) Terman

(ख) मनोविज्ञान में 'बर्नआउट' शब्द का आशय है - 1

(i) शारीरिक, संवेगात्मक तथा मनोवैज्ञानिक परिश्रांति की अवस्था से

(ii) जलने की घटना के बाद उत्पन्न हुआ आतंक विकार

(iii) व्यायाम करने के बाद पूर्ण परिश्रांति की अवस्था से

(iv) उपरोक्त में से कोई नहीं

The term 'Burnout' mean in psychology -

(i) by the state of physical, emotional and psychological exhaustion

(ii) Panic disorder caused after burning incident

(iii) by the state of complete exhaustion after exercise

(iv) None of the above

(ग) कौन-सा कारक दबाव प्रबन्धन तकनीक से सम्बन्धित नहीं है? 1

(i) विश्राम की तकनीक (ii) ध्यान प्रक्रियाएं

(iii) जैव प्रतिप्राप्ति तकनीक (iv) अभिक्षमता प्रक्रिया

Which factor is not related to stress management techniques?

(i) Technique of relaxation (ii) Meditation procedures

(iii) Biofeedback technique (iv) Aptitude process

(घ) मानसिक विकारों में सर्वाधिक प्रचलित तथा मान्यता प्राप्त विकार है : 1

(i) मनोविदलता (ii) दुर्भीति

(iii) अवसाद (iv) दुश्चिंता

The most prevalent and recognized disorder among mental disorders is :

(i) Schizophrenia (ii) Phobia

(iii) Depression (iv) Anxiety

(ङ) निम्न में से कौन व्यक्तित्व मापन की प्रक्षेपी तकनीक का उदाहरण है/हैं? 1

(i) रोर्शा मसिलक्ष्म (स्याही धब्बा) परीक्षण (ii) कथानक संप्रत्यक्षण परीक्षण (टी.ए.टी.)

(iii) (i) तथा (ii) दोनों (iv) इनमें से कोई नहीं

Which of the following is/are the example of projective technique of personality measurement?

(i) Rorschach Inkblot test (ii) Thematic Apperception Test

(iii) (i) and (ii) both (iv) None of these

(च) दबाव के लक्षण होते हैं - 1

(i) केवल शारीरिक (ii) केवल संवेगात्मक

(iii) केवल व्यवहारात्मक (iv) उपरोक्त तीनों

Symptoms of stress are -

(i) only physical (ii) only emotional

(iii) only behavioural (iv) all the three above

(छ) निम्नलिखित में से कौन सा मनोवैज्ञानिक विकार दुश्चिंता विकार की श्रेणी में नहीं है- 1

(i) दुर्भीति (फोबिया)

(ii) आतंक विकार

(iii) ए.डी.एच.डी. (अवधान-न्यूनता अतिक्रिया विकार)

(iv) उपरोक्त में से कोई नहीं

Which of the following psychological disorder is not under the category of anxiety disorder -

(i) Phobia

(ii) Panic disorder

(iii) ADHD (Attention-Deficit hyperactivity disorder)

(iv) None of the above

(ज) वह व्यक्ति जो छवि बनाता है, उसे कहते हैं : 1

(i) गुणारोपण (ii) प्रत्यक्षणकर्ता

(iii) लक्ष्य (iv) इनमें से कोई नहीं

The person who forms the impression is called :

(i) Attribution (ii) Perceiver

(iii) Target (iv) None of these

**निर्देश :** प्रश्न संख्या -1 के अगले दो खण्डों में, दो कथनों को **अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)** के रूप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों (i), (ii), (iii) तथा (iv) में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।

**Directions :** In next two parts of Question No. -1, there are two statements labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R)**. From the following options (i), (ii), (iii) and (iv), select their correct answer.

(i) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
Both A and R are correct and R is the correct explanation of A.

(ii) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
Both A and R are correct but R is not the correct explanation of A.

(iii) A सही है परन्तु R गलत है।
A is correct but R is incorrect.

(iv) A तथा R दोनों गलत हैं।
Both A and R are incorrect.

(झ) **अभिकथन (A) :** मानसिक रोगों पर लगे कलंक (stigma) के कारण लोग डॉक्टर या मनोवैज्ञानिक से परामर्श लेने में हिचकते हैं।

**कारण (R) :** लोग मनोवैज्ञानिक विकारों को लज्जास्पद समझते हैं। 1

**Assertion (A) :** The stigma attached to mental illness means that people are hesitant to consult a doctor or psychologist.

**Reason (R) :** Psychological disorders are considered as shameful by the people.

(ञ) **अभिकथन (A) :** फ्रायड ने व्यक्तित्व विकास का एक पंचअवस्था सिद्धान्त प्रस्तावित किया।

**कारण (R) :** फ्रायड के व्यक्तित्व सिद्धान्त के अनुसार व्यक्तित्व के प्राथमिक संरचनात्मक तत्व तीन हैं - इदम् (इड), अहं और पराहम् 1

**Assertion (A) :** Freud proposed a five-stage theory of personality development.

**Reason (R) :** According to Freud's personality theory, the primary structural elements of personality are three, i.e. id, ego and superego.

2. बिने-साइमन परीक्षण किस मानसिक योग्यता का मापन करता है? 1

Which mental ability is measured by the Binet-Simon test?

3. आई.सी.डी. का पूरा नाम लिखिए। 1

Write the full form of ICD.

4. संज्ञानात्मक, भावात्मक व व्यवहारपरक पक्ष अभिवृत्ति के घटक हैं। यह कथन सत्य है या असत्य? 1

Cognitive, Affective and Behavioural aspects are components of attitude. Is this statement true or false?

5. अनुरूपता पर अग्रगमन प्रयोग शेरिफ एवं ऐश द्वारा किये गये हैं। यह कथन सत्य है या असत्य? 1

The pioneering experiments on conformity were carried out by Sherif and Asch. Is this statement true or false?

6. दबाव क्या है? 2

What is stress?

7. अवसाद से आप क्या समझते हैं? 2

What do you understand by Depression?

8. मनोचिकित्सा के प्रकार लिखिए। 2

Write the types of Psychotherapy.

9. अभिवृत्ति से आप क्या समझते है? 2

What do you understand by Attitude?

10. आत्म सम्मान का क्या अर्थ है? 2

What is the meaning of self esteem?

11. समूह हमारे व्यवहार को किस प्रकार से प्रभावित करते हैं? 2

How do groups influence our behaviour?

12. अभिक्षमता का मापन कैसे किया जाता है? 3

How is measured Aptitude?

13. फ्रायड के व्यक्तित्व संरचना की व्याख्या कीजिए। 3

Explain Freud's stucture of personality.

14. प्राथमिक एवं द्वितीयक समूह में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

Explain the difference between primary and secondary group.

15. तदनुभूति से आप क्या समझते हैं? 3

What do you understand by empathy?

16. आपके विचार से बुद्धि-लब्धि और सांवेगिक लब्धि, दोनों में से कौन-सी जीवन में सफलता से ज्यादा सम्बन्धित होगी और क्यों? 4

Which of the two, intelligence quotient or emotional quotient, do you think would be more related to sucess in life, and why?

**अथवा/OR**

किस प्रकार आप शाब्दिक और निष्पादन बुद्धि परीक्षणों में भेद कर सकते हैं?

How can you differentiate between verbal and performance tests of intelligence?

17. दबाव प्रबन्धन तकनीक किसे कहते हैं? किन्हीं दो तकनीकों का वर्णन कीजिए। 4

What is stress management technique? Explain any two techniques.

18. व्यवहार चिकित्सा में प्रयुक्त विभिन्न तकनीकों की चर्चा कीजिए। 4

Discuss the various techniques used in behaviour therapy.

19. सामाजिक संज्ञान में स्कीमा या अन्विति योजना के महत्व को स्पष्ट कीजिए। 4

Highlight the importance of schemas in social cognition.

**अथवा/OR**

पूर्वाग्रह नियन्त्रण की युक्तियों पर प्रकाश डालिए।

Highlight on the tips of prejudice control.

20. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : $2\times2=4$

Write short notes on any **two** of the following:

(i) मानव प्रकार्यों में व्यक्तिगत भिन्नताएँ

Individual differences in human functioning

(ii) बौद्धिक प्रतिभाशीलता

Intellectual giftedness

(iii) सर्जनात्मकता

Creativity

21. व्यक्तित्व को आप किस प्रकार परिभाषित करते हैं? व्यक्तित्व के अध्ययन के प्रमुख उपागम कौन-कौन से हैं? 6

How do you define personality? What are the main approaches to the study of personality?

**अथवा/OR**

आत्म क्या है? आत्म की भारतीय अवधारणा पाश्चात्य अवधारणा से किस प्रकार भिन्न है?

What is self? How does the Indian notion of self differ from the western notion?

22. निम्नलिखित केस अध्ययन को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

Read the case study given below and answer the questions that follow :

मनोविज्ञान के एक शिक्षक ने अपने विद्यार्थियों को अनेक प्रकार के मनोवैज्ञानिक विकारों जैसे दुर्भीति, पी.टी.एस.डी., मनोविदलता तथा तंत्रिकाजन्य विकार के बारे में पढ़ाया। बाद में उसने अपने विद्यार्थियों से मनोवैज्ञानिक विकारों के दो केस अध्ययन साझा किये। पहले केस में उन्होंने एक 14 वर्षीय लड़की निक्की के बारे में बताया, जो कॉक्रोचों से बहुत अधिक डरती थी, यहाँ तक कि अगर उसने कमरे में कॉक्रोच देखा तो वह उस कमरे में प्रवेश करने से भी मना कर देती थी। निक्की के मन में कॉक्रोच के प्रति अत्यधिक अतार्किक भय व दुर्भीति विकसित हो गयी। उसका मानना था कि कॉक्रोच उसे बुरी तरह चोट और नुकसान पहुँचा सकता है।

एक अन्य केस अध्ययन में शिक्षक ने बताया कि, रमन महाविद्यालय जाने वाला एक बीस-वर्षीय युवक है, जो अपने गृह नगर से एक बड़े शहर में रहने आया है। उसे निरन्तर असुरक्षा का भय बना रहता है और लगता है कि दुश्मन सैनिक उसका पीछा कर रहे हैं। जब वह किसी को वर्दी में देखता है, तो तनाव

में आ जाता है और उसे लगता है कि वे उसे पकड़ने आ रहे हैं। यह तीव्र दुश्चिंता उसके कार्य और संबंधों में हस्तक्षेप कर रही है और उसके दोस्त इन सबका मतलब न समझ पाने के कारण बेहद चिंतित हैं। रमन कभी-कभी अचानक और अनुचित तरीके से हँसने लगता है और कभी वाक्य को बीच में ही बोलना छोड़ देता है और दूर कहीं घूरने लगता है जैसे उसे कुछ सुनाई या दिखाई दे रहा हो। वह कमरे में रखे मोबाइल और लैपटॉप को लेकर चिंता व्यक्त करता है कि इनकी संभावित रूप से शत्रु द्वारा निगरानी की जा रही है। उसके विश्वास स्थिर हैं और यदि उन्हें चुनौती दी जाती है, तो उसका स्वर/लहज़ा शत्रुतापूर्ण हो जाता है।

A psychology teacher tought his students about many types of psychological disorders such as phobia, PTSD, schizophrenia and neurodevelopmental disorders. Later he shared two case studies of psychological disorders to his students. In case one, he discussed about a 14 year old girl Nikky, who was very afraid of cocroaches, even she refused to enter in a room if she saw a cocroach there in the room. Nikky has developed intense irrational fear and phobic to cocroaches. She belived that cocroach can hurt and damage her badly.

In another case study, teacher told that, Raman, a college going 20-year-old male, has moved from his home town to live in a big city. He has continuous fear of insecurity and feels that the enemy soldiers are following him. He gets very tense when he spots anyone in a uniform and feels that they are coming to catch him. This intense anxiety is interfering with his work and relationship, and his friends are extremely concerned as it does not make any sense to them. Raman occasionally laughs abruptly and inappropriately, and sometimes stops speaking mid-sentence, scanning off in the distance as though he sees or hears something. He expresses concern about mobile and laptop in the room potentially being monitored by the enemies. His beliefs are fixed and if they are challenged, his tone becomes hostile.

(क) मनोवैज्ञानिक विकारों के क्या परिणाम होते हैं? 2

What are the consequences of psychological disorders?

(ख) रमन द्वारा प्रदर्शित लक्षणों के आधार पर विकार की पहचान कीजिए। इस विकार में दिखाई देने वाले अन्य लक्षणों को बताइए। 2

Based on the symptoms being exhibited by Raman, identify the disorder. State other symptoms that can be seen in this disorder.

(ग) निक्की द्वारा सामना किए जा रहे मनोवैज्ञानिक विकार का नाम बताइए। क्या किसी अच्छे मनोचिकित्सक की सहायता से इसका उपचार किया जा सकता है? 2

Name the psychological disorder faced by Nikky. Can it be treated with the help of a good psychotherapist?

*****